सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, बिहार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-166
02/04/2018

मुख्यमंत्री ने इराक के मोसुल में मारे गये बिहार के पॉच लोगों के शव अवशेष पटना पहुॅचने पर पुष्प–चक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि दी

- मुख्यमंत्री ने पॉच–पॉच लाख रूपये मृतक के परिजनों को अनुग्रह अनुदान के रूप में देने का गृह विभाग को दिया निर्देश
- श्रम संसाधन विभाग द्वारा एक–एक लाख रूपये का अनुदान मृतक के परिजनों को दिया जा चुका है
- मुख्यमंत्री ने मृतक के परिजनों को और क्या सहायता दी जा सकती है, के संबंध में प्रस्ताव लाने का मुख्य सचिव को दिया निर्देश

पटना, 02 अप्रैल 2018 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने आज देर शाम पटना हवाई अड्डा पर इराक के मोसुल में मारे गए छह में से पाँच बिहारियों के शवों के अवशेष पटना पहुॅचने पर पुष्प–चक्र अर्पित कर अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए ईश्वर से कामना की। गौरतलब है कि उक्त सभी शवों के अवशेष को लेकर केन्द्रीय विदेश राज्य मंत्री श्री वी0के0 सिंह विशेष विमान से पटना पहुॅचे थे।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने मृतकों के परिजनों को पॉच–पाँच लाख रुपये अनुग्रह अनुदान के रूप में मुहैया कराने का निर्देश गृह विभाग को दिया है। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने मुख्य सचिव को निर्देश दिया है कि मृतकों के परिजनों को और क्या मदद दी जा सकती है, इस संबंध में प्रस्ताव तैयार कर समर्पित करें। उल्लेखनीय है कि श्रम संसाधन विभाग द्वारा मृतकों के परिजनों को एक–एक लाख रुपये अनुग्रह अनुदान के रूप में उपलब्ध कराया जा चुका है।

हवाई अड्डा पर पुष्प–चक्र अर्पित करने के अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री सुशील कुमार मोदी, कृषि मंत्री श्री प्रेम कुमार, स्वास्थ्य मंत्री श्री मंगल पाण्डेय, श्रम संसाधन मंत्री श्री विजय कुमार सिन्हा, विधान पार्षद श्री संजय मयूख, प्रधान सचिव गृह श्री आमिर सुबहानी, प्रधान सचिव श्रम संसाधन श्री दीपक कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री अतीश चंद्रा, जिलाधिकारी श्री कुमार रवि, वरीय पुलिस अधीक्षक श्री मनु महाराज सहित अन्य कई गणमान्य व्यक्ति एवं वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

******